प्रेषक,

संयुक्त निदेशक,
भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

सेवा में,

संयुक्त निदेशक (खनन)/नोडल अधिकारी ई–रवन्ना,
भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

**पत्रांकः** 791 **/आपदा/भूसर्वे0/भू0खनि0इ0/2022–23** **दिनांक :** 27 **मई, 2022**

**विषयः** **वाक–इन–इण्टरव्यू' के प्रसार हेतु दो लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न जनपदों में चिन्हित आपदाग्रस्त अति संवेदनशील एंव संवेदनशील ग्रामों के, उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड शासन द्वारा पोषित, भूगर्भीय सर्वेक्षण प्रोजेक्ट हेतु पूर्ण रुप से अस्थायी तौर पर सर्वेक्षण दल गठित किया जाना है। सर्वेक्षण दल हेतु 'वाक–इन–इण्टरव्यू' के माध्यम से निश्चित प्रोजेक्ट अवधि के लिये, प्रोजेक्ट भूवैज्ञानिक, प्रोजेक्ट भूवैज्ञानिक सहायक एवं प्रोजेक्ट कनिष्ठ अभियन्ता सिविल के पदों हेतु 'वाक–इन–इण्टरव्यू' दिनांक 10 जून, 2022 को भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, भोपालपानी, देहरादून, उत्तराखण्ड में प्रातः 11:00 बजे से योजित किया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को विभागीय वैबसाइट **www.dgm.uk.gov.in** में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः– प्रकाशन हेतु 'वाक–इन–इण्टरव्यू' का विज्ञापन।**

भवदीय,

27/05/22

(अनिल कुमार)
संयुक्त निदेशक

**पृष्ठांकः /आपदा/भूसर्वे0/भू0खनि0इ0/2022–23 तद्दिनांकित**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

(अनिल कुमार)
संयुक्त निदेशक

विभागीय वेबसाइट हेतु

भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्याः 787 /आपदा/भूसर्वे0/भू0खनि0इ0/2022–23 दिनांकः 27मई, 2022

**'वाक–इन–इण्टरव्यू'**

उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न जनपदों में चिन्हित आपदाग्रस्त अति संवेदनशील एंव संवेदनशील ग्रामों के, उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड शासन द्वारा पोषित भूगर्भीय सर्वेक्षण कार्य हेतु प्रोजेक्ट भूवैज्ञानिक, प्रोजेक्ट भूवैज्ञानिक सहायक एवं प्रोजेक्ट कनिष्ठ अभियन्ता सिविल के पदों पर प्रोजेक्ट अवधि के लिये 'वाक–इन–इण्टरव्यू' दिनांक 10 जून, 2022 को प्रातः 11:00 बजे से भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, भोपालपानी, देहरादून, उत्तराखण्ड में योजित किया जा रहा है।

**प्रोजेक्ट के कार्य हेतु नितान्त अस्थायी एंव सीमित समयावधि हेतु पदों का विवरणः–**

| कम स0 | विषय | कुल | कार्य अवधि | वेतन दर /माह (रू0 मे) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रोजेक्ट भूवैज्ञानिक | 04 | 06 माह | 35,000 |
| 2 | प्रोजेक्ट भूवैज्ञानिक सहायक | 04 | 06 माह | 25,000 |
| 3 | प्रोजेक्ट कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) | 04 | 06 माह | 25,000 |

**आवश्यक अनुदेशः–**

1. 'वाक–इन–इण्टरव्यू' में प्रतिभाग करने के लिये उम्मीदवारों को कोई TA/DAदेय नही होगा।
2. 'वाक–इन–इण्टरव्यू' में चयनित/प्रतीक्षारत उम्मीदवारों की सूची विभाग की वेबसाइट पर upload की जायेगी। विज्ञापित पदों की संख्या प्रोजेक्ट की आवश्यकतानुसार घट या बढ़ सकती है।
3. 'वाक–इन–इण्टरव्यू' में सफल उम्मीदवारों का कार्यकाल प्रोजेक्ट की स्वीकृत समयावधि हेतु है तथा सफल उम्मीदवारों का कार्यकाल प्रोजेक्ट अवधि कि समाप्ति के साथ स्वतः ही समाप्त हो जायेगा।

4. प्रोजेक्ट प्रारम्भ होने से पूर्व चयनित उम्मीदवारों को जनपद देहरादून मुख्यालय में दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्य का प्रशिक्षण स्वयं के व्यय पर प्रतिभाग कर सफलतापूर्वक ग्रहण करना होगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान विभाग द्वारा उम्मीदवार को कोई भी आवासीय सुविधा/मानदेय देय नही होगा।
5. दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्य के प्रशिक्षण में चयनित उम्मीदवार के मानक अनूरूप कार्यक्षमता ना पाये जाने पर उक्त उम्मीदवार के स्थान पर प्रतीक्षारत सूची से उम्मीदवार को अवसर प्रदान किया जायेगा।
6. प्रोजेक्ट अवधि के दौरान, मासिक मानदेय के अतिरिक्त, क्षेत्रीय भ्रमण कार्यावधि के दौरान हेतु निर्धारित दैनिक भत्ता (माह के अधिकतम 20 क्षेत्रीय भ्रमण दिवसों हेतु) देय होगा जिसमें प्रो0 भूवैज्ञानिक को 250 तथा अन्य कार्मिकों हेतु 150 रू0 देय होगा।
7. मासिक मानदेय क्षेत्रीय कार्य प्रारम्भ किये जाने की तिथि से ही मान्य होगा।
8. दल को निरीक्षण कार्य हेतु श्रमिक, वाहन एंव अन्य संसाधनों/व्यय हेतु विभागीय परिवेक्षक द्वारा निर्धारित अग्रिम राशि देय होगी जिसके समस्त बिलों को विभागीय परिवेक्षक द्वारा सत्यापित कर दल के अगले अग्रिम राशि आहरित करने से पूर्व संयुक्त निदेशक, भूविज्ञान को प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
9. प्रत्येक दल के सभी सदस्यों से आपसी समन्वय एंव भूवैज्ञानिक परिवेक्षक द्वारानिर्धारित मासिक लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति की अपेक्षा की जाती है। दल के लिये मासिक लक्ष्यों को पूर्ण करने में आ रही कठिनाई को भूवैज्ञानिक परिवेक्षक/उच्च स्तर पर अवगत कराने का दायित्व दल के सभी सदस्यों का होगा।
10. दल के सभी सदस्यों की कार्यशैली का भूवैज्ञानिक परिवेक्षक/उच्च स्तर अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जायेगा तथा दोषों/त्रुटियों को सुधार करने का अवसर प्रदान किया जायेगा परन्तु दोषों/त्रुटियों के पुनरावृति पर उच्च स्तर अधिकारी द्वारा उक्त सदस्य/दल का कार्यकाल तत्काल बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त कर दिया जायेगा। तथा उक्त सदस्य/दल के स्थान पर प्रतीक्षारत सूची से उम्मीदवार को अवसर प्रदान किया जायेगा।
11. सफल उम्मीदवार द्वारा अपने बायोडेटा संबंधी अथवा संलग्न अनुभव प्रमाण पत्रों में असत्य/गलत जानकारी पाये जाने पर साक्षात्कार/प्रोजेक्ट के किसी भी चरण में उनका चयन अमान्य घोषित किया जा सकता है।
12. प्रोजेक्ट अवधि के दौरान किसी आकस्मिक दुर्घटना हो जाने पर विभाग से किसी भी प्रकार का प्रतिपूर्ति सम्बन्धी दावा प्रस्तुत नही किया जायेगा।

<u>पदों हेतु शैक्षिक योग्यताए एंव अनुभवः–</u>

1. प्रोजेक्ट भूवैज्ञानिक एंव प्रोजेक्ट भूवैज्ञानिक सहायक के पदों हेतु शैक्षिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भूविज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि।

2. प्रोजेक्ट भूवैज्ञानिक के पद हेतु न्यूनतम 2 वर्षों का भूवैज्ञानिक क्षेत्रीय कार्य का अनुभव तथा प्रोजेक्ट भूवैज्ञानिक सहायक के पद हेतु न्यूनतम 1 वर्ष का भूवैज्ञानिक क्षेत्रीय कार्य का अनुभव अनिवार्य है। पर्वतीय क्षेत्रों में भूअभियंत्रिकीय कार्य अनुभव को वरीयता दी जायेगी।
3. प्रोजेक्ट कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) हेतु किसी मान्यता प्राप्त सस्थान/पॉलिटेक्निक से सम्बन्धित शाखा में सिविल अभियंत्रिकी में डिप्लोमा तथा सिविल निर्माण कार्यों के आंगणन किये जाने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव।

इच्छुक अभ्यार्थी अपने शैक्षिक एंव अनुभव प्रमाण पत्रों, उनकी सत्यापित छायाप्रतियों एंव अपने दो पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ सहित संलग्न फारमैट पर अपना पूर्ण बायोडेटा भर कर (दो सैट) दिनांक 10 जून, 2022 को प्रातः 10:00 बजे भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, भोपालपानी, पो0 बडासी, रायपुर–थानों मोटर मार्ग, देहरादून, उत्तराखण्ड में 'वाक–इन–इण्टरव्यू' में प्रतिभाग हेतु उपस्थित हों।

भवदीय,

(एस0एल0 पैट्रिक)
निदेशक

# Geology and Mining Unit, Directorate of Industries Uttarakhand, Dehradun

## 'Walk – in – Interview'

**Post Applied For:**

| ✓ Post applied | Post Name | Experience (yy:mm) | Space for ofiice use only | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |
| | Project Geologist | | | | | | | | |
| | Project Geologist Assistant | | | | | | | | |
| | Project Junior Engineer (Civil) | | | | | | | | |

## Part I- Personal Details

1. Name of the Candidate:
2. Date of Birth (DD:MM:YY):
3. a) Place of Birth: b) State of Domicile:
4. a) Category: b)Gender:
5. Age as on 1st July, 2022 (YY:MM:DD):
6. Mobile/Phone no.:
7. E-mail id:
8. Present Address:
9. Permanent Address:
10. Father's Name:
11. Mother's Name:
12. Father's/Mother's Contact Number: e-mail id:

The personal information furnished as above is true and accurate. I have read and agree to the terms and conditions mentioned in this advertisement.

**Date:**

**Place:**

……………………………

**(Name and Signature of Candidate)**

| Part II- Educational Qualification | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Course | Year | Board/College /University | Subjects | Percentage/ CGPA/ Grade | Remarks/Other Relevant Information |
| 1. | High School | | | | | |
| 2. | Intermediate | | | | | |
| 3. | Graduation | | | | | |
| 4. | Post Graduation | | | | | |
| 5. | PG Diploma | | | | | |
| 6. | PhD/Other | | | | | |
| 7. | Any other Qualification | | | | | |

The educational information furnished as above is true and accurate.

**Date:**
**Place:**

................................

**(Name and Signature of Candidate)**

| Part III -Work Experience | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Institute/ Organisation | Post Held | Work Duration | | | Field Experience (years) | Nature of work/ duties performed | Remarks/ Other Relevant Information |
| | | | YY | MM | DD | | | |
| 1. | | | | | | | | |
| 2. | | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | | |
| 4. | | | | | | | | |

The details of work experience furnishedas above are true and accurate. I have read and agree to the terms and conditions mentioned in the advertisement.

**Date:**
**Place:**

................................................
**(Name and Signature of Candidate)**